जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-47 | जयपुर, सोमवार, 5 दिसम्बर, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## रामलीला मैदान में हुआ राष्ट्र स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ






**जयपुर (हमारा वतन)।** चकाचौंध भरी दुनिया में भले ही लोगों के खाने-पीने से लेकर पहनावे तक में बदलाव आ गया हो, लेकिन आज भी लोग खादी के प्रति अपनी दीवानगी बनाए हुए हैं। जी हां, ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिला राजस्थान खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से आयोजित राष्ट्र स्तरीय खादी प्रदर्शनी में।

गुलाबी नगर जयपुर के न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के द्वारा राष्ट स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23 का शुभारंभ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग मंत्री शकुंतला रावत के मुख्य अतिथि में हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा ने की और विशिष्ट अतिथि राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता रहे । अतिथियों ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया ।

राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के सचिव ब्रजेश चांदोलिया और प्रदर्शनी प्रभारी शशि जैन ने बताया कि प्रदर्शनी 2 दिसंबर से 12 जनवरी 2023 तक चलेगी । प्रवेश का समय प्रातः 11:30 से रात्रि 8:30 तक रहेगा ।

राज्य में उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट ग्राहकों को दी जाएगी । बोर्ड के सदस्यगण परमानन्द पंवार ,कैलाश सोयल ,मुराद गाँधी आदि मौजूद रहे । प्रदर्शनी में राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, जम्मू कश्मीर, गुजरात समेत कई राज्यों की खादी ग्रामोद्योग इकाइयां लगी हुई हैं,

जो अपने उत्पादों की बिक्री कर रही हैं। प्रदर्शनी में तमाम राज्यों की खादी इकाइयों के कुशल उद्यमियों ने सूती कपड़ा, खादी पोस्टर, रेशमी, ऊनी, पॉली वस्त्रों, की वस्तुओं को प्रदर्शित किया है। इसमें खादी की हैंडमेड कुर्तियां, कुर्ता पायजामा, हैंडमेड पैंट-शर्ट, जैकेट, खादी की बैडशीट्स, कालीन, गलीचे, दरियां, जूट के उत्पाद, चमड़े- खादी की जूतियां समेत अन्य उत्पाद हैं।

## खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में मूसली पाक को खरीदने उमड़ी जनता

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर द्वारा संस्था परिसर में संचालित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में अनामिका ग्रामोद्योग सेवा संस्थान की स्टॉल नंबर 168 पर अनुभवी वैद्ययों की देखरेख में भारतीय जड़ी बूटियों से निर्मित हर्बल और आयुर्वेदिक उत्पाद मिल रहे हैं । अनामिका ग्रामोद्योग संस्थान के स्पेशल मूसली पाक को खरीदने के लिए जनता उमड़ पड़ी है । स्टॉल संचालक के के अवस्थी ने बताया कि हमारे यहां पर स्पेशल त्रिफला अवलेह, मूसली पाक, स्पेशल मूसली पाक, च्यवनप्राश, ब्राह्मी हर्बल




प्राश, स्पेशल कायाकल्प, बादाम पाक, डॉयावाइट, बबूल दंत मंजन, एलोवेरा आयुर्वेदिक हर्बल शत, सतरीठा सत, निमौरी हर्बल सत, हर्बल काली मेहंदी, आंवला चूर्ण, हिंग्वाष्टक चूर्ण, लवण भास्कर चूर्ण, महाभृंगराज तेल, ब्राह्मी आंवला तेल, हिमरत्न ठंडा तेल, स्वादिष्ट पाचक बुकनू, केश रक्षक ड्राई पाउडर ,बादाम हर्बल फेस पैक, चंदन हर्बल फेस पैक, चीता गोल्ड तेल, चेतना तेल आदि उपलब्ध हैं । गौरतलब है कि खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ 25 नवंबर को किया गया था जो 13 जनवरी 2023 तक चलेगी । अधिक जानकारी के लिए 9569511942 पर संपर्क किया जा सकता है ।



## मालेरा धाम में लगी भक्तों की भीड़

**जयपुर (हमारा वतन)।** हर बार की तरह इस बार भी मालेरा धाम में रविवार को भक्तों की भीड़ उमड पड़ी ।

भक्तों ने बाबा रामदेव जी महाराज की मनोहारी झांकी के दर्शन किए और मन्नत मांगी । सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम के गादीपति महंत रामफूलदास जी महाराज ने प्रवचन दिए और सभी को मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद प्रदान किया । इस दौरान बालूराम गजनेर, पप्पू राम फलोदी, भीखाराम फलोदी, संतोष देवी, आची फलोदी, संतोष गजनेर, सागर बंजारा नागौर, पपेंद्र कुलदीप, अनुराग प्रहलादपुरा, गोपीराम मेड, कमल गजनेर बीकानेर, रोहतास गुर्जर सीकर, दीपू गुर्जर देवगढ़ सीकर आदि भक्तगण मौजूद रहे ।

## ब्राह्मण समाज का गौ रक्षा सम्मेलन हुआ संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान के तत्वावधान में जयपुर जिला देहात के द्वारा कागलिया वाले हनुमानजी मंदिर में आयोजित गौ रक्षा सम्मेलन का विद्वानों द्वारा मंत्रोच्चारण कर, संतो ने गौ पूजन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सानिध्य श्री श्री 108 गिरधारी दास जी महाराज एवं मुख्य अतिथि विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष पं अंबिका प्रकाश पाठक, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रदीप शर्मा, समाजसेवी गोपाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ. शारदा शर्मा, विराज फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) डॉ. अरुणा शर्मा,नगेंद्र वशिष्ट, हरि शंकर गौड़, शिवदयाल मिश्रा प्रमिला शर्मा, गीतांजलि शर्मा का जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी व पदाधिकारियों ने माला. शाल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।

कार्यक्रम में 51 गौ रक्षकों को सम्मानित किया गया । इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष पाठक ने बताया कि गौ रक्षा सम्मेलन करने का मुख्य कारण गौ संरक्षण है । लम्पी बीमारी के दौरान जो गोवंश का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई नहीं हो सकती, लेकिन गौ संरक्षण के लिए कदम उठाकर गौवंश को बढ़ा सकते हैं ।

इस दौरान समाजसेवी कृपा शंकर शर्मा, जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, जिला मंत्री पं चंद्र शेखर शर्मा, तहसील संरक्षक राजू महाराज, तहसील उपाध्यक्ष डॉ राम प्रकाश शर्मा, तहसील महामंत्री




नंदकिशोर गैसका, तहसील संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा तहसील महासचिव भवानी शंकर शर्मा गोविंदगढ़ ब्लॉक प्रभारी कैप्टन श्रीराम शर्मा आमेर तहसील अध्यक्ष महिपाल शर्मा चोमू नगर अध्यक्ष मुक्तिलाल बासोतिया,चौमूं नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ममता शर्मा, महामंत्री सुमन शर्मा, नारायण लाल शर्मा, डॉ ओम प्रकाश शर्मा, डॉ अविनाश शर्मा, डॉ बंशीधर शर्मा, डॉ पवन कुमार तिवाडी, डॉ आशुतोष कौशिक, मुकेश ललानी, पं हितेंद्र शर्मा, इंद्र कुमार शर्मा, श्रीराम बटवाल आदि लोग उपस्थित रहे ।



## भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर दिया वर वधू को आशीर्वाद

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य चौमूं स्थित शाही बाग गार्डन में आयोजित समाजसेवी राजेंद्र जांगिड़ के सुपुत्र रोहित जांगिड़ के तिलक समारोह में शरीक हुए । पंडित रविन्द्राचार्य ने वर वधू को बाबा श्याम का दुपट्टा पहना कर आशीर्वाद दिया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान पंडित रामस्वरूप शर्मा,राहुल दाधीच, सुमित शर्मा, बनवारी शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर

कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !

सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया

24 घंटे इमरजेंसी सुविधा

नि:संतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !

संपर्क - 9636247286, 9928747286

फ्री परामर्श

सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# हरियाणा में हुआ विश्व के प्रथम बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के मंदिर का भूमि पूजन



**हरियाणा (हमारा वतन)।** सम्पूर्ण विश्व में शाकाहार, सदाचार, नशामुक्ति और आध्यात्मवाद के द्वारा कलयुग में कलयुग जाएगा, कलयुग में सतयुग आएगा का बिगुल बजाने वाले परम पूज्य परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के मंदिर निर्माण का भव्य भूमि पूजन 2 दिसम्बर 2022 को प्रातः 8 बजे के शुभ मुहूर्त में उनके आध्यात्मिक उत्तराधिकारी परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज के कर कमलों द्वारा नेशनल हाइवे नं. 48, निकट कसौला चौक, बावल, जिला- रेवाड़ी (हरियाणा) स्थित बाबा उमाकान्त जी महाराज आश्रम पर किया गया। साल 1952 से बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने देश के करोड़ों लोगों को शाकाहारी, नशा मुक्त, चरित्रवान, मेहनती, ईमानदार, त्यागी-तपस्वी, सच्चा, धार्मिक, देशभक्त बनाकर भारतीय संस्कृति एवं आध्यात्मिक ज्ञान को देश-विदेश में फैलाया। संत कबीर दास जी महाराज से आरंभ हुई सन्त वंशावली में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ही पहले ऐसे संत हुए जिन्होंने अपने 116 वर्ष के जीवन काल में करोड़ों लोगों को जीते जी मनुष्य जीवन में ही प्रभु प्राप्ति का मार्ग नामदान दिया, अंतर में स्वर्ग, बैकुंठ, देवी-देवताओं का दर्शन दीदार करवाया, घंटे-घड़ियाल, आकाशवाणी, गैबी आवाज सुनवाई और जीते जी परमधाम पहुंचा दिया साथ ही लोगों के दुःख, तकलीफ परेशानियों को दूर किया, घरों में सुख-शांति बरकत दिलाई और समय-समय पर देश-दुनियां पर आने वाली भयंकर मुसीबतों से बचने बचाने के लिए आगाह किया और बचत का उपाय बताया।देश-विदेश के असंख्य भक्त बने इस ऐतिहासिक भूमि पूजन के विहंगम दृश्य के साक्षी हरियाणा के ऐतिहासिक शहर बावल में बन रहे बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के इस भूमि पूजन का दर्शन लाभ लेने के लिए न केवल भारत के कोने-कोने से बल्कि विदेशों से भी असंख्य भक्तों का आगमन हुआ है जो उज्जैन वाले परम् पूज्य बाबा उमाकान्त जी महाराज के सानिध्य में बनने वाले मंदिर के भूमि पूजन के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

# प्रदेश के 284 ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर खुलेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र,महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के कुल 284 पदों का होगा सृजन



**जयपुर (हमारा वतन)।** राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने तथा गांव-ढाणी तक चिकित्सा सेवाओं के विस्तार के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

इस क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 284 ग्राम पंचायत मुख्यालयों में नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने तथा प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अंतर्गत नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों हेतु कुल 284 महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पद सृजित किए जाएंगे। प्रत्येक नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्यों हेतु 30 लाख रूपए तक का प्रावधान किया गया है। नवीन उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्मित होने तक वैकल्पिक रूप से इनके संचालन की व्यवस्था की जाएगी। उल्लेखनीय है कि गहलोत ने बजट वर्ष 2022-23 में प्रदेश में 1 हजार उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा की क्रियान्विति में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है। नये उप स्वास्थ्य केन्द्रों के खुलने से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी।




# नवीन हींग ग्रामोद्योग पर मिल रही दौ के साथ एक हींग फ्री

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर द्वारा संस्था परिसर में संचालित खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी में नवीन हींग ग्राम उद्योग पर दौ हींग के साथ एक हींग फ्री मिल रही है । नवीन हींग ग्रामोद्योग के संचालक सत्य प्रकाश साहू ने बताया कि हमारे यहां स्टाल नम्बर 115 पर राजगढ़ की स्पेशल हींग दौ की खरीद पर एक हींग फ्री दी जा रही है । इसके साथ ही ज्योति हिंगाष्टक चूर्ण, सौंफ,मुखवास, शहद आंवला, नमकीन आंवला, मसाला आंवला, कैंडी, सुपारी उचित रेट पर उपलब्ध हैं । हमारे चूर्ण पेट की समस्त बिमारियों को दूर करते हैं । गौरतलब है कि खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ 25 नवंबर को किया गया था जो 13 जनवरी 2023 तक चलेगी । अधिक जानकारी के लिए इन 9783378092 नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# माली समाज ने मनाई महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि



**चौमूँ (हमारा वतन)।** महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्था के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि मनाई गयी ।

जिसमे मुख्य अतिथि चौमूं नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी, संस्थान पधाधिकारी व आगंतुक समाजबंधुओ द्वारा महात्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। पालिका अध्यक्ष विष्णु कुमार सैनी ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष ने भी असमर्थो के उत्थान एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थान उपाध्यक्ष राजकुमार काकरवाल, मंत्री ओमकार तंवर, ओम भगत पूर्व अध्यक्ष घीसा लाल तंवर, सुवा लाल सिंगोदिया, अर्जुन लाल सिंगोदिया, सायर सिंह तंवर, अनिल कुमार सैनी, डॉक्टर सोहन लाल तंवर, रामेश्वर सिंगोदिया, कानाराम पंवार, मोहन लाल तंवर, मोहन लाल सिंगोदिया, रामावतार, लक्ष्मण सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए कृत संकल्पित:जाट

जयपुर(नि.सं.)। रामलाल जाट भीलवाड़ा जिले के विभिन्न क्षेत्रों के दौरे पर रहे। इस दौरान जाट ने दांथल में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 12 करोड़ की लागत से बनने वाली हलेड़, दांथल, गेंदलिया मुख्य सड़क मार्ग के चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही सुवाणा ग्राम पंचायत में 443.07 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया। जाट ने सुवाणा ग्राम पंचायत में आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समाधान के लिए मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों को मुख्यमंत्री निशुल्क यूनिफॉर्म वितरण योजना के तहत यूनिफॉर्म का कपड़ा भी वितरित किया। कार्यक्रम में राजस्व मंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में राज्य सरकार सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार 50 यूनिट तक निःशुल्क बिजली, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना में 30 तरह के कार्यों में लोगों को रोजगार, 800 से अधिक इंदिरा रसोई के जरिए 8 रुपये में सम्मानपूर्वक पौष्टिक भोजन, विद्यार्थियों को विदेश में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर सहित विभिन्न अभिनव जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है।

(कविता)

## संघर्ष

धार के विपरीत
तैर कर दिखलाओ
तो बात करना
पहाड़ों में नया सुराख
करके दिखाओ
तो कहना
अपने ही पसीने से
नहा कर दिखाना
मेहनत करते-करते
थकन में चूर
होकर कहना
अपनी राह खुद
बना कर दिखाना
निष्कर्ष से ना
कभी घबराना
दिन-रात एक
करके कहना
सफर की मुश्किलों से
ना डरना
अपनी मंजिल से
अपने संघर्ष की
कहानी कहना ।



डॉ. योगिता जोशी
अनुप्रिया,जयपुर



# ब्रज सामोद रिसॉर्ट में हुआ लंपी वॉरियर्स का सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के सामोद स्थित ब्रज सामोद रिसॉर्ट में लम्पी वॉरियर्स का सम्मान किया गया । सभी लम्पी वॉरियर्स का सम्मान 2018 में चौमूं विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रत्याशी और समाजसेवी रवि कांत शर्मा द्वारा किया गया ।सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य और अध्यक्षता फतेहपुरा बांसा सरपंच बाबूलाल गुर्जर ने की । पंडित रविंद्र आचार्य ने गौ सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि गाय हमारी माता है और इसमें 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं, इसलिए हम सबको गाय माता की सेवा करनी चाहिए । सरपंच बाबूलाल गुर्जर ने कहा कि गांव के युवाओं ने लम्पी महामारी के दौरान गायों की लगातार सेवा की । भविष्य में मुझसे जो भी सहयोग बन पड़ेगा वह मैं करूंगा । आयोजक रविकांत शर्मा ने बताया कि बांसा गांव के अंतर्गत और आसपास के क्षेत्र की गौ माता की सेवा और रक्षा में अमूल्य योगदान देने वाले युवाओं को लंपी वॉरियर्स के रूप में सम्मानित किया गया । हम सभी समाज सेवा के लिए आगे भी तत्पर रहेंगे । सभी गौ सेवकों को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया । इस दौरान युवा भाजपा नेता कमल मिश्रा, राकेश धनवालिया, लोकेश बोहरा, श्याम बोहरा, 2020 में सरपंच प्रत्याशी सचिन जांगिड, अनिल बोहरा, रामलाल शर्मा बाँसा, मुकेश बोहरा, अवधेश मक्को, राजकुमार रेवाड़िया, पूर्व वार्डपंच विमलेश मक्को, रोहिताश सैनी, माखन गुर्जर, गजानंद पारीक, विकाश पारीक आदि लोगो को सम्मानित किया गया ।

## जॉब्स

1. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी ग्राउंड ड्यूटी टेक्निकल और नॉन टेक्निकल व अन्य, पद संख्या 240, अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2022
2. आई डब्ल्यू ए ,पद एलडीसी स्टेनोग्राफर व अन्य, पद संख्या 14, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2022
3. राजस्थान पुलिस, पद कैनल बॉय क्लास चतुर्थ, पद संख्या 8, अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2022
4. आइटीबीपी, पद कॉन्स्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 287, अंतिम तिथि 22 दिसंबर 2022
5. सीआईएसएफ, पद कांस्टेबल ट्रेड्समैन, पद संख्या 710, अंतिम तिथि 20 दिसंबर 2022
6. राजस्थान स्वास्थ्य विभाग, पद नर्सिंग ऑफिसर और फार्मासिस्ट, पद संख्या 3303, अंतिम तिथि 23 दिसंबर 2022
7. डीआरडीओ, पद विभिन्न, पद संख्या 1061, अंतिम तिथि 7 दिसंबर 2022
8. आरएसएमएसएसबी, पद सी एच ओ, पद संख्या 3531, अंतिम तिथि 7 दिसंबर 2022

राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं जन घोषणाओं की समीक्षा बैठक

# राज्य सरकार की योजनाओं को लागू करने में तेजी लाएं: कुणाल

जयपुर(नि.सं.)। पशुपालन विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कहा कि राज्य सरकार की विभागीय बजट घोषणाओं एवं जन घोषणाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निपटारा कर शीघ्र ही पशुपालकों को योजनाओं से लाभान्वित करें। कुणाल पशुधन भवन में राज्य सरकार की बजट घोषणाओं एवं जन घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर कुणाल ने विभागीय अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पशुपालकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए एवं पशुओं का समय समय पर टीकाकरण करने की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए ।




## एकता कपूर ने कसा करण जौहर पर तंज, कहा-तुम करो तो लस्ट स्टोरीज, हम कर दें तो गंदी बात

एकता कपूर की वेब सीरीज ट्रिपल एक्स को लेकर काफी विवाद हुआ था। इतना ही नहीं इस वेब सीरीज पर सैनिकों की पत्नी की आपत्तिजनक छवि दिखाने का आरोप लगा था। एक्ट्रेस के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट तक जारी किया गया था। एकता इस मामले पर नहीं बोली हैं। लेकिन अब एक्ट्रेस ने एक ऐसा पोस्ट किया है जिसके जरिए उन्होंने कहीं न कहीं इस मामले पर अपना रिएक्शन दिया है। एकता ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि जब आप करें तो लस्ट स्टोरीज और हम करें तो गंदी बात। एकता के इस स्टेटमेंट को लेकर ऐसा



कहा जा रहा है कि कहीं उन्होंने ये तंज अपने दोस्त करण जौहर के लिए तो नहीं कसा क्योंकि करण जौहर की ही फिल्म थी लस्ट स्टोरी जिसमें कियारा आडवाणी लीड रोल में थीं और इसी फिल्म से कियारा का वाइब्रेटर वाला सीन काफी सुर्खियों में आया था।

**एकता-करण के बीच ना हो बवाल**-अब देखते हैं कि एकता के इस कमेंट पर करण जौहर का क्या रिएक्शन होता है। कहीं एकता के इस बयान पर करण और एकता के बीच बवाल ना हो जाए। अब तक दोनों हमेशा एक-दूसरे को सपोर्ट करने वाले कहीं इस बयान की वजह से भिड़ ना जाएं। बता दें कि इससे पहले एकता ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मों और वेब सीरीज में महिलाओं के लिए ऐसे किरदार रखने को लेकर कहा था कि जब आप महिलाओं के लिए स्टोरीज लिखते हैं तो आप मल्टीटास्किंग और नैविगेशन को समझते हैं।इतना ही नहीं एकता ने ज्यूरी पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने लिखा, मैं आम तौर पर कॉन्ट्रोवर्शियल मामलों पर कमेंट नहीं करती हूं, लेकिन समझ नहीं आता कि आप किस साइड हैं या ये कैसे फेयर है चयन के बाद मंच पर भेजी गई फिल्म की आलोचना करना जूरी के लिए कितना उचित है! क्या ऐसा भी होता है?बता दें कि एकता का यह शो आल्ट बालाजी में एयर हुआ था।

## शाहरुख ने सुहाना खान की वजह से नहीं साइन की थी फिल्में, बोले- लगा था फोन करेगी लेकिन...



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के फैन्स इन दिनों काफी खुश हैं, क्योंकि अगले साल या दो नहीं बल्कि तीन फिल्मों में SRK जलवा बिखरते नजर आएंगे। करीब चार सालों से शाहरुख खान किसी भी फिल्म में नजर नहीं आए हैं। ऐसे में 2023 उनके फैन्स के लिए काफी खास है। वैसे एक ओर जहां 2023 में शाहरुख का कमबैक है तो दूसरी ओर उनकी लाडली बिटिया सुहाना खान भी डेब्यू करती नजर आएंगी। हाल ही में शाहरुख ने सुहाना से जुड़ी एक बात अपने फैन्स के साथ साझा की।

**सुहाना की वजह से शाहरुख ने नहीं साइन की थी पिक्चर**-दरअसल हाल ही में शाहरुख खान, सउदी अरब के रेस डी फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। इस इवेंट में शाहरुख ने सुहाना के अमेरिका जाने के वक्त किसी भी तरह का काम न लेने का जिक्र करते हुए कि उन्हें लगा था कि सुहाना उन्हें अपने पास बुलाएगी। शाहरुख ने कहा,उसने मुझे कभी कॉल नहीं किया... मैंने एक भी फिल्म साइन नहीं की थी कि मुझे लगा था कि शायद वो मुझे फोन करेगी, शायद फोन करेगी। तो मैंने उसे एक दिन कॉल किया और कहा कि सुनो क्या मैं अब काम शुरू कर सकता हूं? इस पर सुहाना बोली- आप काम क्यों नहीं कर रहे हो? तो मैंने कहा- मुझे लगा था कि तुम्हें अमेरिका में अकेला लगेगा तो तुम मुझे फोन करके बुला लोगी।

**अमेरिका शिफ्ट हुई सुहाना**-बता दें कि सुहाना खान ने अपने फिल्म स्टडी के कोर्स के लिए यूके से यूएस शिफ्ट हो गई थीं और न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में काम शुरू किया। इस साल सुहाना खान ने द आर्चीज की शूट किया है।

## उर्फी जावेद ने टॉपलेस वीडियो शेयर कर लिखा खास मैसेज, कविता कौशिक ने मांग ली एक्ट्रेस की पैंट

अभिनेत्री उर्फी जावेद अपने बिंदास और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। उर्फी जावेद के फोटोज और वीडियोज अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते हैं, जिन में उनका सुपर हॉट अंदाज नजर आता है। उर्फी जावेद अपने फैशन सेंस को लेकर चर्चा में रहती हैं और ऐसे में एक बार फिर उनका बोल्ड अवतार देखने को मिला। उर्फी ने टॉपलेस वीडियो शेयर किया है, जिस में वो सिर्फ पैंट पहने नजर आ रही हैं। उर्फी के इस वीडियो पर कविता कौशिक ने भी कमेंट किया है।

**क्या है उर्फी जावेद का पोस्ट**-उर्फी जावेद ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियों में उर्फी जावेद टॉपलैस हैं और सिर्फ पैंट पहनी हुई है। उर्फी जावेद के इस वीडियो को पीछ से शूट किया गया है। वहीं वीडियो के आखिर में कैनवास दिखता है, जो उर्फी ही लिखते दिखती हैं, जिस पर लिखा है- They Mad They still nameless. उर्फी के इस वीडियो पर मिक्स रिएक्शन मिल रहे हैं और वीडियो वायरल हो रहा है।

**कैसा है सोशल मीडिया रिएक्शन**-उर्फी जावेद के इस वीडियो पर ढेर कमेंट्स हैं, जिन में से एक कमेंट कविता कौशिक का भी है। कविता ने उर्फी के इस पोस्ट पर कमेंट में लिखा-मुझे ये पैंट चाहिए। अपने कमेंट के साथ ही उर्फी ने आंखों में दिल वाला इमोजी बनाया है। बता दें कि उर्फी के इस वीडियो में जिस पैंट को कविता ने मांगा है, वो भी काफी स्टाइलिश है। उर्फी की पैंट का एक पैर का पोर्शन ब्लैक और दूसरा



व्हाइट है। वहीं व्हाइट पर ब्लैक पंजे का निशान और ब्लैक पर व्हाइट हैंड पाम का निशान है।

**फैशन इंस्टा हैं उर्फी जावेद**-उर्फी जावेद इन दिनों स्प्लिट्सविला में अपना जलवा बिखेर रही हैं और उन्होंने बीते कुछ वक्त में अपने लिए एक अलग ही पहचान बना ली है। उर्फी अपने फैशन सेंस को लेकर खूब खबरों में रहती हैं। उर्फी अपने फैशन सेंस के चलते अपने कपड़ों के लिए कभी वाहवाही लूटती हैं तो कभी ट्रोल होती हैं। उर्फी के फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होते हैं।

# सर्दियों में इन इंडोर एक्सरसाइज की मदद से रखें खुद को चुस्त-दुरुस्त

एक अध्ययन के अनुसार इनडोर वर्कआउट, बाहर किए जाने वाले वर्कआउट की तुलना में लगभग 32% ज़्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। तो यदि आप सर्दियों में बाहर नहीं जा पा रही हैं तो ट्राई करें इंडोर एक्सरसाइज़।सर्दियों में बिस्तर में बाहर निकलने का मन किसी का नहीं करता है। ऐसे में एक्सरसाइज़ करना तो बहुत दूर की बात है। मगर फिर भी यदि आप फ़िटनेस फ्रीक हैं और अपनी हेल्थ को लेकर कॉन्शियस हैं तो थोड़ी बहुत एक्सरसाइज़ करने का समय तो आप निकाल ही लेती होंगी।मगर जब सर्दी बहुत ज़्यादा बढ़ जाती है तो बाहर निकलना और एक्सरसाइज़ करने थोड़ा मुश्किल हो जाता है। हो सकता है कि आप सर्दियों में कभी कभी मौसम की खराबी



की वजह से आप बाहर ही न जा पाएं। ऐसे समय में सेहत के साथ क्यों कॉम्प्रोमाइज़ किया जाए।मोंटाना विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि शरीर के तापमान को बनाए रखने के लिए इनडोर वर्कआउट बाहर किए जाने वाले वर्कआउट की तुलना में लगभग 32% ज़्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इसलिए आपको कुछ ऐसे आसान वर्कआउट के बारे में पता होना चाहिए, जो बिना जिम जाए भी आप घर पर कर सकें और खुद को फिट रख सकें। तो आज इस लेख में जानेंगे, ऐसी ही कुछ आसान एक्सरसाइज के बारे में जिन्हें आप घर के अंदर बंद होकर भी आराम से कर सकती हैं।

**1. रस्सी कूदना**-क्या आप जानती हैं कि सिर्फ 15 मिनट तक रस्सी कूदना आपकी 200 से 300 कैलोरीज़ तक बर्न कर सकता है। स्किपिंग रोप एक ऐसी एक्सरसाइज़ है जो आप कहीं पर और कभी भी बड़ी आसानी से कर सकती हैं। इसे करने के लिए बस आपको एक रस्सी यानी स्किपिंग रोप की ज़रूरत है और थोड़े स्पेस की ताकि जब आप यह एक्सरसाइज़ करें तो किसी के लग न जाए। तो आप भी सर्दियों के मौसम में ट्राई करें इसे।

**2. स्पॉट जॉगिंग** -एक जगह पर खड़े रहकर कूदने को स्पॉट जॉगिंग के नाम से जाना जाता है और यह वज़न कम करने के लिए सबसे आसान और प्रभी एक्सरसाइज़ है। यह आपके शरीर को ऊर्जा से भर देगी और अगर आपको जिम में पसीना बहाना पसंद है तो यह घर पर भी आपको कुछ वैसा ही महसूस कराएगी। 30 मिनट की जॉगिंग से आप 500 कैलोरीज़ का तक बर्न कर सकती हैं।

**3. बरपीज़** -ज़्यादातर लोग जिन्हें अपना वज़न जल्दी कम करना होता है उन्हें बरपीज़ करने का सुझाव दिया जाता है। तो यदि आप भी अपनी वेट लॉस जर्नी पर हैं और सर्दियों में जिम नहीं जा पा रही हैं टी बरपीज़ ज़रूर ट्राई करें। बरपीज़ करने के लिए सबसे पहले पैरों को चौड़ाई में रखकर खड़े हो जाएं और ध्यान रखें कि आपका सारा वज़न आपकी एड़ियों पर हो।

## कविता (सर्दी)

ओस की बूँदें धरा पर
आ रहीं हैं हल्की-हल्की
एहसास गहरा कोहरा कराता
लग रहा आई है सर्दी

तन में सिहरन आ रही है
मन में आलस आ रहा है
और फिर गहरा कुहासा
ऋतु-ए-पावस ला रहा है

सूर्य की तपती किरणें
लुप्त हो जाती हैं अक्सर
तनिक देर ठहरता उजाला
ओस से थोड़ी देर भिड़कर

आदमी फिर मौसम में ऐसे
चाय-ए-चुस्की चाहता है
सूर्य का पारा भी उस क्षण
आदमी की हिचकी चाहता है

मन में गर्मी तन में गर्मी
और ताप का सामान लेकर
हम छाँव में हैं बैठ जाते
ठंडी को आसमान देकर

अलाव के हो रूबरू
तन में गर्मी डालते हैं
स्वेटर पहन के रात में
शरीर-ए-ताप संभालते हैं

कुछ महीने की है ठंडी
ऋतुराज का इन्तजार है
ठंडी सही, गर्मी सही
बरसात भी स्वीकार है



-सिद्धार्थ गोरखपुरी




### *IPL 2023 Mini Auction*

## बेन स्टोक्स, सैम कुर्रन समेत इन 55 खिलाड़ियों की करोड़ों में लगेगी बोली, मार्की लिस्ट में


**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के मिनी ऑक्शन के लिए कुल 991 खिलाड़ियों ने रजिस्टर किया है, इनमें 714 भारतीय तो 277 विदेशी खिलाड़ी शामिल है। इस सूची को सभी 10 टीमों के साथ साझा कर दिया गया है और 9 दिसंबर तक टीमों को खिलाड़ी चुनने का समय दिया गया है। ताजा सूची के अनुसार इस बार 2 कोरड़ के बेस प्राइज में 21, 1.5 करोड़ के बेस प्राइज में 10 और 1 करोड़ के बेस प्राइज में 24 खिलाड़ियों ने खुद को रजिस्टर कराया है। हैरानी की बात यह है कि 2 और 1.5 करोड़ के बेस प्राइज वाली सूची में कोई भारतीय खिलाड़ी नहीं है। 1 करोड़ के बेस प्राइज में मयंक अग्रवाल, केदार जाधव और मनीष पांडे मात्र तीन भारतीय हैं। मयंक अग्रवाल को पिछले साल मेगा ऑक्शन से पहले पंजाब किंग्स ने रिटेन करते हुए उन्हें



कप्तान नियुक्त किया था। इस खिलाड़ी पर पंजाब किंग्स ने 14 करोड़ रुपए भी खर्च किए, मगर ना तो मयंक टीम को नॉक आउट स्टेज तक पहुंचा सके और ना बल्ले से कुछ धमाल मचा सके जिसके बाद टीम ने उनका साथ छोड़ने का फैसला किया। वहीं मनीष पांडे पिछले साल लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा थे। मिनी ऑक्शन के लिए रजिस्टर करने वाले भारतीय कैप्ड खिलाड़ियों में 19 नाम शामिल है, जिसमें मयंक अग्रवाल, केदार जाधव और मनीष पांडे के अलावा अजिंक्य रहाणे और इशांत शर्मा बड़े नाम है। रहाणे को कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछली नीलामी में 1 करोड़ में खरीदा था। इस बार उनका बेस प्राइस 50 लाख है। 2022 में अनसोल्ड रह चुके इशांत ने अपना बेस प्राइज 75 लाख रखा है।

## रिकी पोंटिंग अस्पताल में भर्ती

### ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज टेस्ट मैच के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल थे, डॉक्टर ने कहा- मामला सीरियस नहीं



**पर्थ।** पूर्व दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग पर्थ में ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज टेस्ट मैच के तीसरे दिन बीमार पड़ गए। इसके बाद उन्हें पर्थ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पोंटिंग इस मैच के लिए कमेंटेटर्स पैनल में शामिल हैं। हालांकि, जब वे बीमार पड़े तब कमेंट्री नहीं कर रहे थे। पोंटिंग का इलाज कर रहे डॉक्टर्स ने बताया कि चिंता की कोई बात नहीं है। मामला सीरियस नहीं है। **लंच टाइम के दौरान का वाकया**-पोंटिंग तीसरे दिन के खेल के लंच टाइम से आसपास असहज महसूस करने लगे। फिर उन्होंने चैनल 7 के क्रुरू मेंबर्स को इसके बारे में बताया। इसके बाद उन्हें निजी वाहन से रॉयल पर्थ अस्पताल ले जाया गया। पोंटिंग इस समय भी डॉक्टर्स की निगरानी में बताए जा रहे हैं।

**पोटिंग ने कहा- ठीक महसूस कर रहा हूं**-पोंटिंग ने अस्पताल जाते वक्त साथी कमेंटटर्स से कहा कि वे ठीक महसूस कर रहे हैं और एहतियात के लिए अस्पताल जाकर चेकअप करवाना चाहते हैं।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### अफगानिस्तान को मिल गया वर्ल्ड कप 2023 का टिकट

**नई दिल्ली।** बारिश के कारण रविवार को श्रीलंका के खिलाफ वनडे इंटरनेशनल मैच कैंसिल होने के बावजूद अफगानिस्तान की टीम को फायदा हुआ है और इस टीम ने अगले साल भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, श्रीलंका की टीम के लिए टूर्नामेंट के लिए सीधे क्वालीफाई करने की मुश्किलें बढ़ गई हैं।ICC मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप सुपर लीग स्टैंडिंग में अफगानिस्तान को मैच रद होने की वजह से पांच अंक मिले हैं, जिससे इस एशियाई टीम के मौजूदा चक्र में कुल 115 अंक हो गए हैं। इस मैच ने उन्हें वर्तमान स्टैंडिंग पर सातवें स्थान पर सुरक्षित रूप से बैठा दिया है। सुपर लीग के अंत में शीर्ष आठ टीमों को क्रिकेट विश्व कप 2023 के लिए ऑटोमेटिक क्वालीफाई करना है। बारिश में मुकाबला धुलने की स्थिति में अफगानिस्तान और श्रीलंका दोनों ही टीमों को पांच-पांच अंक मिले हैं। इसने श्रीलंका के लिए मुश्किल पैदा कर दी है, क्योंकि टीम अब शायद ही सीधे वनडे वर्ल्ड कप के लिए क्वालीफाई कर पाएगी, क्योंकि अभी टीम के खाते में 67 अंक हैं।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
**Email-**
**hamarawatan65@gmail.com**
**9214996258, 7014468512**

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# रिजल्ट बताएंगे, कितना वोकल रहा लोकल

अगले एक हफ्ते के अंदर हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव से लेकर दिल्ली में एमसीडी के चुनाव नतीजे आ जाएंगे। हालांकि अलग-अलग राज्यों के और निकाय चुनाव होने के कारण वहां अलग-अलग मुद्दे उठे, तो जाहिर है कि इन तीनों के नतीजों को भी एक ही फ्रेम में देखना मुनासिब नहीं होगा। लेकिन आज की तारीख में जिस तरह से हर छोटा-बड़ा चुनाव भी हाई वोल्टेज से लड़ा जा रहा है, जिनमें स्थानीय मुद्दे गौण रहते हैं और राष्ट्रीय और प्रतीकात्मक मुद्दे हावी होते हैं तो इन नतीजों को नैशनल ट्रेंड भी माना जाता है। यह कुछ हद तक सही भी है। इस बार चुनाव में जहां विपक्षी दलों की ओर से चुनाव लड़ने का तरीका बदलने की कोशिश की गई, वहीं बीजेपी अपने आजमाए हुए उसी प्लान पर टिकी रही, जिसके चलते वह पिछले आठ सालों से कामयाब रही है। इन तीनों चुनाव के नतीजे यह भी बताएंगे कि क्या विपक्ष की बदली हुई रणनीति ने कुछ काम किया या फिर बीजेपी का आजमाया हुआ प्लान अभी भी कामयाब है? बीजेपी एक बार फिर गुजरात, हिमाचल प्रदेश से लेकर दिल्ली नगर निगम तक के चुनाव को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम को आगे रखकर ही लड़ रही है। 2014 से बीजेपी के लिए मोदी फैक्टर ही जीत की सबसे बड़ी वजह रहा है, जिसका उपयोग कर पार्टी ने कई मौकों पर तमाम स्थानीय कमजोरियों को दरकिनार कर चुनावी जीत हासिल की। इस बार भी हिमाचल प्रदेश में बीजेपी के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी की बात सामने आई, पार्टी गुटबाजी से घिरती रही। ऐसे में नरेंद्र मोदी ने खुद को संकटमोचक के रूप में पेश करते हुए जनता को संदेश दिया कि वह उनके नाम पर वोट दे। इसका कितना असर हुआ, यह तो 8 दिसंबर को ही पता चलेगा, लेकिन जानकारों का भी मानना है कि अगर पार्टी वहां सत्ता वापसी की उम्मीद कर रही है तो इसके लिए एकमात्र रूप से मोदी फैक्टर ही जिम्मेदार होगा। उसी तरह गुजरात में भी नरेंद्र मोदी ने पूरी चुनावी कमान अपने जिम्मे ले ली। गुजरात में 27 सालों की एंटी इनकंबेंसी को दरकिनार कर अगर बीजेपी अभी भी फायदे की स्थिति में दिखती है तो इसका एकमात्र कारण मोदी फैक्टर है।उधर दिल्ली एमसीडी चुनाव में भले नरेंद्र मोदी प्रत्यक्ष रूप से प्रचार में शामिल नहीं हैं, लेकिन बीजेपी पूरी तरह उनके नाम पर ही निर्भर है। कोई भी चुनाव हो, बीजेपी के पोस्टर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का संकेत दिया जाता है। हालांकि सियासी जानकार बीजेपी की नरेंद्र मोदी के नाम पर अतिनिर्भरता को लंबे समय तक के लिए कोई सकारात्मक फैक्टर नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी को जीत के और नुस्खे जल्द निकालने होंगे। खासकर विधानसभा और स्थानीय चुनावों में। इसके पीछे वाजिब तर्क भी हैं। जब भी लोग स्थानीय या राज्य चुनाव को उसी तरह सोचकर वोट देने का मन बनाते हैं, तब मोदी फैक्टर काम नहीं करता। ऐसी सूरत में बीजेपी मुश्किल में जाती हुई दिखती है। इसीलिए विपक्षी दलों ने चुनावों में फोकस स्थानीय मुद्दों पर ही रखा और इन्हीं विषयों के इर्द-गिर्द सरकार को घेरने की भी कोशिश की। क्षेत्रीय दल भी अब बीजेपी के राष्ट्रीय मुद्दों को इग्नोर कर स्थानीय और आर्थिक मुद्दों की बात करने लगे हैं। 2014 के बाद से अब तक 50 विधानसभा चुनाव हुए हैं। इसमें 24 चुनाव बीजेपी और उनके सहयोगी दलों ने जीते हैं। कांग्रेस ने 7 चुनाव और 19 चुनाव क्षेत्रीय दलों ने जीते हैं। जहां बीजेपी की सरकार थी, वहां 11 जीते और 7 हारे। बीजेपी जहां भी हारी है, वहां क्षेत्रीय अस्मिता और स्थानीय मुद्दे ही अहम वजह बने हैं।मोदी फैक्टर की काट खोजने की तलाश में विपक्ष ने इस बार जो रणनीति बदली, उसके बारे में भी 8 दिसंबर को पता चलेगा कि वह कितनी कारगर रही। कांग्रेस ने गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव को इस बार पूरी तरह स्थानीय चुनाव के रूप में प्रॉजेक्ट करने की कोशिश की। यहां तक कि इस बात के लिए कांग्रेस की आलोचना तक हुई कि वह इन चुनावों को गंभीरता से नहीं ले रही है।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-



# पत्रकार क्लब के दीपावली स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**चौमूँ (हमारा वतन)।** पत्रकार हितों और समाज सेवा को हमेशा तत्पर रहने वाले पत्रकार क्लब का दीपावली स्नेह मिलन समारोह चौमूं स्थित एमबी होटल में संपन्न हुआ । अंजनी हनुमान धाम के महंत महामंडलेश्वर हरिकृष्ण दास जी ग्वालिया बाबा ने अपने कर कमलों से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी को आशीर्वाद दिया । पत्रकार क्लब के प्रदेश अध्यक्ष दीपक सैनी एवं संरक्षक जगदीश कुमावत ने कार्यक्रम में सभी अतिथियों को माला, साफा पहनाकर,शाल ओढ़ाकर,श्रीफल एवं अंजनी हनुमान धाम की फोटो भेंट कर सम्मान किया ।एमबी होटल के संचालक मदन बागड़ा का भी सम्मान किया ।

मेडिकल यूनियन के अध्यक्ष और आनंद हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एनके अग्रवाल ने पत्रकारों की मांग पर पत्रकार क्लब के सभी सदस्यों एवं उनके परिवार की चिकित्सा सुविधा को लेकर निःशुल्क ओपीडी एवं ऑपरेशन, जांचो में छूट देने को लेकर मंच के माध्यम से पत्रकार क्लब के समस्त मेंबरों एवं उनके परिवार की ओपीडी चार्ज को निःशुल्क करने की घोषणा की। भारती शिक्षण संस्था की छात्राओं ने बहुत ही शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया । विद्यालय के निदेशक मधुसूदन शर्मा ,प्राचार्य सुनीता शर्मा व छात्राओं को भी माला व फोटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी पत्रकार सदस्यों का भी सम्मान किया गया ।

**बजट घोषणाओं में लंबित कार्यों की निर्माण संबंधी प्रक्रियाओं को समय पर करें पूरा**

# मुख्य सचिव ने निर्माण कार्यों की निविदाएं समय पर पूरी कर वर्क आर्डर भी जल्द जारी करने के दिये निर्देश-मुख्य सचिव

जयपुर(नि.सं.)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने सभी कार्यकारी संस्थाएं जिनके बजट घोषणाओं की अनुपालना में निर्माण कार्य लंबित हैं, उनसे संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

आम जनता को जल्द ही इनका उचित लाभ मिल सके, इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की निविदाएं समय पर पूरी हो और पूरी हो चुकी निविदाओं के वर्क ऑर्डर जल्द जारी किये जाये। मुख्य सचिव यहां शासन सचिवालय में विभिन्न कार्यकारी संस्थाओं के स्तर पर लंबित कार्यो एवं बजट घोषणाओं के लंबित निर्माण कार्यों के संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। इस दौरान उन्होंने जिन विभागों के प्रकरण लंबित है उनके अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चर्चा कर समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में चल रही परियोजनाओं को जल्दी ही पूरा किया जाये और इन परियोजनाओं से जुड़े संबंधित विभाग समन्वय के साथ काम करें। मुख्य सचिव ने परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण के कामों में कोई कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को इसका लाभ समय पर मिल सकें।






**उद्योग मंत्री ने की 'मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना' लॉन्च**

# प्रदेश के 3300 युवाओं को अनुदान पर मिल सकेगा लोडिंग वाहन:रावत

जयपुर(नि.सं.)। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने उद्योग भवन स्थित बीआईपी बोर्ड रूम में 'मुख्यमंत्री लघु वाणिज्यिक वाहन स्वरोजगार योजना' को लैपटॉप पर बटन दबाकर लॉन्च किया। इस अवसर पर राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव मती वीनू गुप्ता, उद्योग आयुक्त महेंद्र कुमार पारख, बीआईपी आयुक्त ओम कसेरा, रीको प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद नकाते, आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे। इस मौके पर उद्योग मंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस योजना को धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत 15 लाख रुपए तक के लघु वाणिज्यिक वाहन (स्मॉल कमर्शियल व्हीकल) क्रय करने पर वाहन की ऑन रोड कीमत का अधिकतम 10 प्रतिशत अथवा 60 हजार (दोनों में से जो भी कम) का अनुदान राज्य सरकार से तथा समकक्ष/अधिक अनुदान संबंधित वाहन निर्माता कम्पनी द्वारा दिया जाएगा। रावत ने बताया कि योजना के तहत कोई भी राजस्थान निवासी जिसकी उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य है, अपनी एसएसओ आईडी या mlvsy.rajasthan.gov.in के जरिए आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्रस्तुत आवेदन जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र द्वारा जांच के बाद संबंधित कंपनी को भेजा जाएगा। कंपनी द्वारा दस्तावेज अपलोड कर परीक्षण के लिए दोबारा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्रों को भेजा जाएगा। वहां परीक्षण के बाद अनुदान स्वीकृत किया जाएगा।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मोः 7296873757
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा